वर्ष - 1 | अंक - 2 | दिसंबर 2020

E-News Letter

# रतलाम नगर पालिका निगम

## नये साल में रतलाम नगर को स्वच्छता में नं. 1 बनाने का लिया संकल्प



स्वच्छ सर्वेक्शण 2021 में रतलाम नगर को नम्बर 1 बनाने हेतु नगर निगम द्वारा तेजी से कार्य किया जा रहा है जिसके तहत निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने निगम के अधिकारी एवं कर्मचारियों की बैठक लेकर ओडीएफ के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने आयोजित बैठक में निगम के अधिकारी एंव कर्मचारियों को निर्देशित किया कि रतलाम नगर को स्वच्छ सर्वेक्शण 2021 के प्रत्येक क्षेत्र में उच्च अंक प्राप्त हो इस हेतु सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अपने-अपने दायित्वों को पुरी निष्ठा, लगन व ईमानदारी से पूर्ण करें।

बैठक में निगम आयुक्त श्री झारिया ने निर्देशित किया कि नगर के 52 सार्वजनिक शौचालयों में मरम्मत कार्य, रंगाई-पुताई, साफ-सफाई, कीटनाशक दवा छिड़काव, जल आपूर्ति, प्रकाश आदि व्यवस्थाऐं आदि की व्यवस्थाऐं पूर्ण कराये जाने के साथ ही शौचालयों पर महिला - पुरूश अंकित करवाया जाये। इसके अलावा प्रत्येक शौचालय पर स्वास्थ्य विभाग के एक-एक कर्मचारी की ड्यूटी लगाई जाये।

नगर निगम सभागृह में आयोजित बैठक में निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने निर्देषित किया कि रतलाम नगर को स्वच्छ बनाने हेतु नगर के 100 प्रतिश त घरों से गीला व सूखा कचरा पृथक- पृथक लिये जाने हेतु नागरिकों की भागीदारी आवष्यक है इस हेतु नगर निगम के अधिकारी एवं कर्मचारी तथा नगर निगम की सहयोगी संस्था आस्था के सदस्य नगर के सभी नागरिकों को जागरूक करें।

E-News Letter

# रतलाम
## नगर पालिका निगम

# सिटीजन फीड बैक में रतलाम नगर निगम को मिला प्रथम स्थान

## स्वच्छ सर्वेक्षण 2020 में उत्कृष्ट कार्य करने वाले नगर निगम हुये पुरस्कृत






विधायक सभागृह में नागरिक व जनप्रतिनिधि होवें सम्मिलित । स्वच्छ सर्वेक्षण 2020 में रतलाम नगर को सिटीजन फीड बैक में देश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। म.प्र. शासन द्वारा इस सर्वेक्षण में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले नगरों को आज दिनांक 05 दिसम्बर शनिवार को अपरान्ह 03:00 से 04:30 बजे तक माननीय मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह जी चौहान एवं विभागीय मंत्रीजी के माध्यम से पुरस्कृत किया जायेगा। नगर निगम द्वारा जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों से अपील की जाती है कि सैलाना रोड स्थित बरबड़ सभागृह में आयोजित कार्यक्रम के सीधे प्रसारण कार्यक्रम में कोविड–19 के प्रोटोकाल का पालन के साथ उपस्थित होकर इस गौरवशाली क्षण के प्रतिभागी बनें।




भोपाल के मिंटो हॉल में आयोजित स्वच्छता सेवा सम्मान–2020 एवं स्वच्छ सर्वेक्षण–2021 का संकल्प कार्यक्रम में माननीय मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह जी चौहान एवं विभागीय मंत्रीजी द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण 2020 में रतलाम नगर को सिटीजन फीड बैक में देश में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर पुरस्कृत किया। आयोजित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण बरबड़ स्थित विधायक सभागृह व महू रोड बस स्टैण्ड के हॉलमें एलईडी वॉल स्क्रीन के माध्यम से किया गया जिसे निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया, उपायुक्त श्री विकास सोलंकी, श्री भविष्य कुमार खोब्रागड़े, कार्यपालन यंत्री श्री सुरेशचन्द्र व्यास, श्री जी.के. जायसवाल, सहायक यंत्री श्री श्याम सोनी, स्वास्थ्य अधिकारी श्री ए.पी. सिंह, निगम अधिकारी सर्वश्री रामचन्द्र शर्मा, बलवंत राठौर, शैलेन्द्र गोठवाल, किरण चौहान , निगम कर्मचारी व नागरिकों ने देखा व सुना।

E-News Letter
रतलाम
नगर पालिका निगम

# वार्ड दरोगा व सफाई संरक्षको को किया ड्रेस का वितरण

## ड्रेस से कर्मचारियों की पहचान होती है व आत्म विश्वास बढ़ता है-श्री झारिया



रतलाम को **स्वच्छता में नम्बर 1** बनाने की सफाई संरक्षकों ने दिलाई शपथ रतलाम 03 दिसम्बर । नगर निगम के सफाई सरक्षक व वार्ड दरोगा की एक अलग पहचान बने व ड्रेस के साथ अपने कर्तव्य स्थल कार्य करने का आत्म विश्वास बढ़ाने हेतु निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने निगम के वार्ड दरोगा व सफाई संरक्षकों को ड्रेस का वितरण झोन कार्यालयों में किया।

निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने अलकापुरी कम्युनिटी हॉल, श्री कालिका माता सांस्कृतिक मंच, अमृत सागर उद्यान व हरमाला पम्प हाउस पर पूर्व महापौर परिश द सदस्य श्री मंगल लोढ़ा, मण्डल अध्यक्श श्री मयूर पुरोहित, श्री कर्णवीर बड़गोत्या व श्री नीलेश गांधी तथा निगम अधिकारियों के साथ वार्ड दरोगा को आर.एम.सी. कैप (टोपी), जैकेट, कोट व महिला सफाई संरक्षकों को ड्रेस, ग्लब्स, एप्रीन, टोपी का वितरण किया।



इस अवसर पर निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने कहा कि निगम के सफाई सरक्षक नगर को साफ– स्वच्छ बनाने का महत्वपूर्ण कार्य करते है। निगम के वार्ड दरोगा एवं सफाई संरक्षकों की एक अलग पहचान बने व ड्रेस के साथ कार्य करने पर आत्म विश्वास बड़े इस हेतु ड्रेस का वितरण किया जा रहा है।

उन्होने कहा कि पिछले सालों के स्वच्छता सर्वेक्शण में रतलाम नगर की रैंकिग उच्च स्तर बनाने में वार्ड दरोगा व महिला तथा पुरूश सफाई संरक्षकों का विशेश योगदान रहा है साथ ही कोरोना जैसी महामारी में भी स्वच्छता का कार्य किया है जो प्रशंनीय है। निगम आयुक्त श्री झारिया ने कहा कि हमारे पास का ही

शहर इंदौर जो कि हमारे शहर के काफी बड़ा है इसकी तुलना में हमारा शहर काफी छोटा है जब इंदौर जैसा बड़ा शहर स्वच्छता में नम्बर 1 बन सकता है तो हमारा शहर तो काफी छोटा है हम भी ओर अधिक मेहनत कर रतलाम नगर को स्वच्छता में नम्बर 1 बना सकते है बस इसके लिये इच्छा शक्ति का मजबूत होना जरूरी है। हम अपनी इच्छा शक्ति को मजबूत कर यह मन बना लेंगे कि हमारे रतलाम शहर को स्वच्छता में नम्बर 1 बनाना है तो इसे कोई नहीं रोक सकता। उन्होने आव्हान किया कि वे अपनी–अपनी ड्रेस के साथ रतलाम नगर को साफ–स्वच्छ व सुन्दर बनाने हेतु जुट जायें साथ ही नागरिकों को भी स्वच्छता बनाये रखने हेतु जाग्रत करें विशेश कर घरो, दुकानों व व्यावसायिक प्रतिष्ठानों से निकलने वाला कचरा निगम के कचरा संग्रहण वाहन में ही डालने हेतु प्रेरित करें।



निगम आयुक्त श्री झारिया ने कहा कि नागरिकों को प्रेरित करें कि अपने घरो, दुकानों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में 4 कचरा पात्र गीले कचरे के लिये हरा, सूखे कचरे के लिये नीला, घरेलू हानिकार कचरे के लिये के लिये काला तथा मेडिकल वेस्ट के लिये पीला डस्टबीन रखें ताकि कचरे का पृथक्कीकरण कचरा उद्गम स्थल पर ही हो सकें व पृथक किये गये कचरे को निगम के कचरा संग्रहण वाहन के पृथक–पृथक भागों में डालें।

इस अवसर पर महिला सफाई सरक्षक भारती बाई डागर, श्यामाबाई कुणाल, ज्योति मनोहर, मीराबाई चैनाल, कुन्तलाबाई बालोद्रा ने रतलाम नगर को साफ–स्वच्छ बनाकर स्वच्छता सर्वेक्शण 2021 में पुरे देश में नम्बर 1 बनाने की शपथ दिलाई।



उक्त अवसरों पर उपायुक्त श्री विकास सोलंकी, प्रभारी उपायुक्त श्री भविष्य कुमार खोब्रागड़े,कार्यपालन यंत्री श्री जी. के. जायसवाल, प्रभारी सहायक यंत्री श्री श्याम सोनी, प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी श्री ए.पी. सिंह, उपयंत्री श्री मनीश तिवारी, श्री शैलेन्द्र गोठवाल, झोन प्रभारी श्री किरण चौहान, श्री पर्वत हाड़े, वार्ड दरोगा, महिला व पुरूश सफाई सरक्षक आदि उपस्थित थे

# नेशनल लोक अदालत का आयोजन

## संपत्तिकर एवं जलकर की बकाया राशि जमा करने पर अधिभार (सरचार्ज) की राशि में छूट

## बकायादार 3 स्थानों पर जमा करा सकेंगे बकाया राशि



रतलाम 11 दिसम्बर । राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली व राज्य शासन के निर्देशानुसार संपत्तिकर व जलकर के बकायादारों को अधिभार (सरचार्ज) में छूट देने हेतु 12 दिसम्बर 2020 शनिवार को नेशनल लोक अदालत के तहत बकाया राशि जमा कराने हेतु नगर निगम कार्यालय, अलकापुरी कम्यूनिटी हॉल तथा कोर्ट परिसर में शिविर का आयोजन कार्यालयीन समय में किया गया है।

आयोजित नेशनल लोक अदालत में सम्पत्ति कर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि रूपये 50,000/– (रूपये पचास हजार) तक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 100 प्रतिशत की छूट दी जायेगी तथा जलकर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि रूपये 10,000/– (रूपये दस हजार) तक बकाया होने पर 100 प्रतिशत की छूट।

सम्पत्ति कर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि रूपये 50,000/– (रूपये पचास हजार) से अधिक तथा रूपये 1,00,000/– (रूपये एक लाख) तक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 50 प्रतिशत की छूट तथा जलकर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि रूपये 10,000/– से अधिक तथा रूपये 50,000/– तक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 75 प्रतिशत की छूट।

सम्पत्ति कर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि रूपये 1,00,000/– (रूपये एक लाख) से अधिक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 25 प्रतिशत की छूट तथा जलकर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि रूपये 50,000/– से अधिक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 50 प्रतिशत की छूट।

उक्त छूट मात्र एक बार ही दी जायेगी। यह छूट वित्तीय वर्ष 2019–20 तक की बकाया राशि पर ही देय होगी। यह छूट मात्र दिनांक 12/12/2020 की नेशनल लोक अदालत के लिये मान्य होगी।

## लोक अदालत में बकायादारों ने संपत्तिकर व जलकर की बकाया राशि जमा कराकर अधिभार राशि में छूट का लाभ लिया

## बकाया के रूप में 10 लाख 67 हजार की राशि जमा कराई

रतलाम 12 दिसम्बर। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली व राज्य शासन के निर्देशानुसार संपत्तिकर व जलकर के बकायादारों को अधिभार (सरचार्ज) में छूट देने हेतु 12 दिसम्बर शनिवार को एक दिवसीय नेशनल लोक अदालत में नागरिकों ने संपत्तिकर एवं जलकर की बकाया राशि जमा कराकर दी जा रही अधिभार (सरचार्ज) राशि में छूट का लाभ लिया।

नेशनल लोक अदालत के तहत जिला न्यायालय, अलकापुरी कम्यूनिटी हॉल व नगर निगम कार्यालय में आयोजित शिविर में बकायादारों ने संपत्तिकर के 7 लाख 23 हजार रूपये तथा जलप्रदाय के 3 लाख 44 हजार 6 सौ 60 रूपये कुल राशि 10 लाख 67 हजार 6 सौ 60 रूपये जमा कराकर अधिभार (सरचार्ज) की राशि में छूट का लाभ लिया।

E-News Letter

रतलाम
नगर पालिका निगम

# बल्डिंग परमिशन का कार्य समय पर पुरा करें

आटोमेटिक बिल्डिंग अप्रुवल सिस्टम के तहत बिल्डिंग परमिशन नागरिकों को शीघ्र मिले इस हेतु निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने लोक निर्माण विभाग के इंजीनियरों को अपने कार्य में ओर अधिक गति लाने के निर्देश बैठक में दिये।



टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभागके नियम बिल्डिंग परमिशन नियम आदि का भी अच्छे से अध्ययन करें निगमायुक्त ने चेतावनी दी कि यदि कंसलटेंट की वजह से भवन निर्माण अनुमति में विलंब होता है तो कंसलटेंट के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी साथ ही उपयंत्री ओं अथवा अन्य कर्मचारी की भी गलती से विलंब होता है तो उनके विरुद्ध भी सख्त कार्रवाई की जाएगी

निगम आयुक्त श्री झारिया ने आयोजित बैठक में निर्देशित किया कि आटोमेटिक बिल्डिंग अप्रुवल सिस्टम के तहत बिल्डिंग परमिशन नागरिकों को शीघ्र मिले इस हेतु सभी इंजीनियर प्रातः 10:30 बजे व सांय 05:00 बजे अपने सिस्टम पर चेक कर पेंडेंसी को खत्म करें। साथ ही सिस्टम पर डाक्यूमेंट चेक करने के बाद फील्ड में जाकर स्थल का भी निरीक्शण करें साथ ही बिल्डिंग परमिशन मिलने के बाद निर्माणकर्ता अनुमति अनुसार निर्माण कर रहा है या नहीं इसकी भी निगमरानी रखें।

शहर में नागरिकों को भवन निर्माण की अनुमति में अनावश्यक विलंब नहीं हो आवेदन करने के पश्चात शीघ्र ही अनुमति दे दी जाए यह निर्देश निगमायुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने एक बैठक आयोजित कर संबंधित कंसलटेंट तथा उपयंत्री सहित कर्मचारियों को दिए बैठक में कार्यपालन यंत्री श्री जी.के. जायसवाल, सहायक यंत्री श्री श्याम सोनी उपयंत्री सर्वश्री अनवर कुरेशी श्री राजेश पाटीदार, विकास सिंह मरकाम, मनीश तिवारी, श्रीमती अनिता ठाकुर, सुश्री दीक्षा निजामपुरकर, ऑटो बिल्डिंग परमीशन सिस्टम उज्जैन के आईटी टीम लीडर श्री मंजूल शर्मा आदि उपस्थित थे

# नगर के नालों की सफाई का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है



कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम श्री गोपालचन्द्र डाड व निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार निगम के स्वास्थ्य अमले द्वारा नगर के नालों की सफाई का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है।

11 दिसम्बर शुक्रवार को चमारिया नाका, जवाहर नगर व शास्त्री नगर गुरू तेग बहादुर स्कूल के बाहर वाले नाले की सफाई का कार्य जेसीबी मशीन, डम्पर, व गैंग द्वारा प्रारंभ करवाया गया।



12 दिसम्बर शनिवार को लक्ष्मण पुरा व ओझाखाली वाले नाले की सफाई का कार्य जेसीबी मशीन, डम्पर, व गैंग द्वारा प्रारंभ करवाया गया।

17 दिसम्बर गुरूवार को सुभाश नगर व त्रिलोक नगर वाले नाले की सफाई का कार्य जेसीबी मशीन, डम्पर, व गैंग द्वारा प्रारंभ करवाया गया। कस्तुरबा नगर टंकी से सफलतापूर्व प्रतिदिन किया जा रहा है पेयजल वितरण

18 दिसम्बर शुक्रवार को चम्पा विहार, सुभाश नगर व त्रिलोक नगर वाले नाले की सफाई का कार्य जेसीबी मशीन, डम्पर, व गैंग द्वारा करवाया गया।

19 दिसम्बर शनिवार को मदिना मस्जिद, मौलाना आजाद नगर व इंदिरा नगर नाले की सफाई का कार्य जेसीबी मशीन, डम्पर, व गैंग द्वारा प्रारंभ करवाया गया।

21 दिसम्बर सोमवार को मदिना मस्जिद, लक्ष्मणपुरा नाले की सफाई का कार्य जेसीबी मशीन, डम्पर, व गैंग द्वारा प्रारंभ करवाया गया।

22 दिसम्बर मंगलवार को मदिना मस्जिद, इंदिरा नगर व चमारिया नाका करमदी रोड बस स्टैण्ड वाले नाले की सफाई का कार्य जेसीबी मशीन, डम्पर, व गैंग द्वारा प्रारंभ करवाया गया।

25 दिसम्बर शनिवार को मदिना मस्जिद, इंदिरा नगर, बाजना बस स्टैण्ड व चमारिया नाका करमदी रोड बस स्टैण्ड वाले नाले की सफाई का कार्य जेसीबी मशीन, डम्पर, व गैंग द्वारा करवाया गया।

26 दिसम्बर शनिवार को लक्कड़पीठा नाला व मौलाना आजाद नगर नाले की सफाई का कार्य जेसीबी मशीन, डम्पर, व गैंग द्वारा करवाया गया।

30 दिसम्बर बुधवार को मौमन पुरा व मौलाना आजाद नगर वाले नाले की सफाई का कार्य जेसीबी मशीन, डम्पर, व गैंग द्वारा करवाया गया


31 दिसम्बर गुरूवार को मौमन पुरा, करमदी रोड बस स्टैण्ड ओझाखाली व शैरानी पुरा नाले की सफाई का कार्य जेसीबी मशीन, डम्पर, व गैंग द्वारा करवाया गया।

E-News Letter

# रतलाम
## नगर पालिका निगम

# कड़ाके की ठण्ड से बचने के लिए निगम ने नगर के विभिन्न स्थानों पर अलाव जलाये











सर्द रातों में नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग द्वारा बाल चिकित्सालय, जिला चिकित्सालय, रैन बसेरा सिविक सेन्टर, पांजरा पोल, महू रोड बस स्टैण्ड, रेलवे स्टेशन, कालिका माता, नगर निगम फायर ब्रिगेड सहित नगर के विभिन्न सार्वजनिक स्थल एवं चौराहों पर गत रात्रि अलावा जलाये गये।

E-News Letter
# रतलाम
नगर पालिका निगम

# पीओएस मशीन से जमा होंगे निगम के कर



## गंदगी करने वालों पर भी मशीन से होंगे स्पॉट फाईन

रतलाम 21 दिसम्बर । संपत्तिकर, जलकर, दुकान, गुमटी किराया, लायसेंस षुल्क एवं विकास षाखा से संबंधित भवन की किष्त तथा भू–भाटक की राषि अब नगर निगम के कर्मचारी पीओएस मशीन के माध्यम से ई–नगर पालिका पोर्टल पर जमा करेंगे साथ ही गंदगी, अतिक्रमण करने वाले व्यक्तियों पर भी मशीन के माध्यम से स्पॉट फाईन किया जायेगा।

## निगम कर्मचारियों को पीओएस मशीन चलाने का दिया प्रक्षिशण

एचडीएफसी बैंक द्वारा नगर निगम को उपलब्ध कराई गई 10 एन्ड्रॉयड पीओएस मशीन चलाने का प्रक्षिशण निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया की उपस्थिति में इंदौर के पीओएस मशीन एक्सपर्ट श्री महेन्द्र राजपूत ने निगम के अधिकारी एवं कर्मचारियों को दिया।

**इंडसंड बैंक द्वारा नगर निगम को उपलब्ध कराई गई २५ एन्ड्रहयड पीओएस मशीन चलाने का प्रक्षिशण निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया की उपस्थिति में इंडसंड बैंक इंदौर के सेल्स मैनेजर श्री दिव्यांश खण्डेलवाल ने निगम के जलकर, संपत्तिकर, विकास षाखा, लायसेंस, स्पहट फाईन दल सहित अन्य विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारियों को दिया।**

# त्रिपोलिया गेट पार्किंग क्षेत्र से अस्थाई अतिक्रमण हटाया



रतलाम 01 दिसम्बर । त्रिपोलिया गेट के दोनो ओर की खुली भूमि पर नगर निगम द्वारा विकसित किये गये पार्किंग स्थल पर सब्जी व अन्य विक्रेताओं द्वारा किये गये अतिक्रमण का जायजा निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने लेकर अस्थाई अतिक्रमण को हटाया।

उक्त स्थल को वाहन पार्किंग हेतु विकसित किया गया था किन्तु सब्जी एवं अन्य विक्रताओं द्वारा अस्थाई अतिक्रमण कर व्यवसाय किया जा रहा था अतिक्रमण को हटाया जाकर अब यहां पर पेड पार्किंग की व्यवस्था की जायेगी। इसके अलावा त्रिपोलिया गेट से चांदनी चौक तक दुकानदारों की बिल्डिंग लाईन से 6 फीट जगह छोडी जायेगी उस 6 फीट जगह का उपयोग दुकादार एवं ग्राहक कर सकेंगे। 6 फीट की जगह के बाद चूने की लाईन डालकर लाईन के बाहर वाले अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही की जायेगी।

इसी तरह तोपखाना एवं हरदेव लाला की पीपली से शहर सराय तक बिल्डिंग लाईन से 6 फीट जगह छोडकर अतिक्रमण हटाये जाने की कार्यवाही की जायेगी।

रतलाम
नगर पालिका निगम
E-News Letter

# सुशासन दिवस पर निगम अधिकारी तथा कर्मचारियों ने ली शपथ



रतलाम 24 दिसम्बर । भारत के पूर्व प्रधानमंत्री माननीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा स्थापित सुशासन के उच्चतम मापदण्डों के महत्व को प्रतिपादित करते हुए उनके जन्म दिवस 25 दिसम्बर के एक दिन पूर्व 24 दिसम्बर 2020 को सुशासन दिवस के रूप में मनाते हुए निगम अधिकारी एवं कर्मचारियों ने निगम सभागृह में शपथ ली।

उपायुक्त श्री विकास सोलंकी ने निगम अधिकारी एवं कर्मचारियों को शपथ दिलाई कि मैं सत्य निष्ठा से शपथ लेता हूँ कि मैं प्रदेश में सुशासन के उच्चतम मापदण्डों को स्थापित करने के लिए सदैव संकल्पित रहूँगा और शासन को अधिक पारदर्शी, सहभागी, जनकल्याण केन्द्रीत तथा जवाबदेह बनाने के लिये हरसंभव प्रयास करता रहूँगा। प्रदेश के नागरिकों के जीवन स्तर में सुधार लाने के लक्ष्य को पाने के लिये सदैव तत्पर रहूँगा।



# हितग्राहियों को बीएलसी भवन निर्माण कार्य पुरा करने के दिये निर्देश


प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बीएलसी घटक के तहत बजरंग नगर,दिलीप नगर (राजीव नगर) व सज्जन मिल रोड अम्बेडकर नगर में निर्मित किये गये भवनों का निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने निगम अधिकारियों के साथ किया।

प्रधानमंत्री आवास योजना

निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने बजरंग नगर, दिलीप नगर (राजीव नगर) व सज्जन मिल रोड अम्बेडकर नगर में बीएलसी भवनों के निरीक्श ण के दौरान हितग्राहियों से भवन निर्माण हेतु अब तक आवंटित किश्त की जानकारी लेकर ऐसे हितग्राही जिन्होने निर्माण कार्य पुरा कर लिया है उनका भवन के सामने परिवार सहित फोटो खिचवाकर अंतिम किश्त देने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

# कस्तुरबा नगर टंकी से हुई ऐतिहासिक शुरूआत





विधायक रतलाम शहर माननीय श्री चेतन्य काश्यप 14 दिसंबर को सुबह 10 बजे कस्तुरबा नगर टंकी से क्षेत्रवासियों को नियमित जल वितरण का शुभारंभ किए गए । नगर निगम द्वारा इसकी सारी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। दो दिनों से क्षेत्र में नियमित जल वितरण की टेस्टिंग की जा रही थी, जो सफल रही।

निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने बताया कि विधायक माननीय श्री चेतन्य जी काश्यप ने अक्टूबर माह के दौरान थावरिया बाजार टंकी के लोकार्पण समारोह में नगर निगम को शहर में फिर से नियमित जल वितरण की शुरूवात करने का लक्ष्य दिया था। निगम द्वारा इस पर लगातार कार्य कर पाइप लाइन के लिकेज सुधारे गए और अन्य तकनीकी तैयारियां पूरी कर प्रायोगिक रूप से पहले कस्तुरबा नगर टंकी से नियमित जल वितरण का निर्णय लिया गया हैं। इसके बाद शहर में स्थित अन्य टंकियों से नियमित जल वितरण आरंभ होगा और पूरे शहर में रोज पानी दिया जाएगा। गौरतलब है कि विधायक माननीय श्री चेतन्य जी काश्यप ने विधानसभा चुनाव के दौरान अपने वचन पत्र में शहर में नियमित जल वितरण आरंभ कराने का संकल्प व्यक्त किया था। सोमवार से यह संकल्प पूरा होने जा रहा है। कस्तुरबा नगर टंकी के बाद नगर निगम द्वारा दीनदयाल नगर टंकी से नियमित जल वितरण आरंभ किया जाएगा। इससे शहर के चार वार्डों के 15 हजार से ज्यादा रहवासियों को रोज पानी मिलेगा। विधायक श्री काश्यप के निर्देशानुसार बाद में नगर निगम द्वारा सभी क्षेत्रों में नियमित जल वितरण की शुरुवात की जाएगी। एक सप्ताह में इस व्यवस्था की समीक्षा कर धीरे–धीरे पूरे शहर को नियमित पानी देने की योजना पर होगा ।

उक्त उद्‌गार विधायक रतलाम शहर माननीय श्री चेतन्य काश्यप् ने कस्तुरबा नगर टंकी पर कस्तुरबा नगर के 2 झोन के क्षेत्रों में प्रतिदिन पेयजल वितरण कार्य के शुभारम्भ अवसर पर व्यक्त किये। उन्होने कहा कि नगर के नागरिकों को 20–25 वर्ष पहले प्रतिदिन पेयजल मिलता था, इसके बाद एक दिन छोड़कर एक दिन पेयजल वितरण का कार्य किया जाता रहा है। प्रतिदिन पेयजल वितरण किये जाने हेतु कोई कदम ना उठने पर यह एक सपना ही रह गया था।

विधायक माननीय श्री काश्यप ने कहा कि रतलाम नगर की पेयजल व्यवस्था को ओर अधिक सुदृढ़ बनाने हेतु यूआईडीएसएसएमटी योजना के तहत 2040 तक के मान से व्यवस्था की गई थी,किन्तु इससे पेयजल व्यवस्था में सुधार ना होकर समस्या जस की तस बनी हुई थी।

जिला कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम श्री गोपालचन्द्र डाड ने कहा कि नगर के नागरिकों को प्रतिदिन पेयजल उपलब्ध कराये जाने हेतु नगर निगम द्वारा तीव्र गति से कार्य किया जा रहा है। नगर निगम द्वारा इसकी शुरूआत कर दी गई है नागरिकों का भी कर्तव्य है कि प्रतिदिन पेयजल वितरण होने पर वे पानी का भण्डारण ना करें, पानी का अपव्यय ना करें, जल है तो कल है।

सांसद रतलाम झाबुआ माननीय श्री गुमान सिंह डामोर, विधायक रतलाम श हर माननीय श्री चेतन्य जी काष्यप, संभागीय आयुक्त श्रीआनन्द कुमार श र्मा, कलेक्टर एवं प्रषासक नगर पालिक निगम रतलाम श्री गोपालचन्द्र डाड, संभागीय मैनेजिंग डायरेक्टर श्री पुनीत दुबे, चीफ इंजीनियर मध्यप्रदेश विघुत वितरण कम्पनी इंदौर के लगातार प्रयासों तथा निर्देश व मार्गदर्श न के तहत अधीक्श ण यंत्री मध्यप्रदेश विद्युत वितरण कम्पनी रतलाम श्री सोनी व उनकी टीम द्वारा पावर कट व विद्युत फाल्ट के कार्य में तेजी से सुधार किया गय

**प्रारंभ में कस्तूरबा नगर टंकी से क्षेत्र को दो जोन में बांटकर नियमित जल वितरण होगा। जोन एक में**

**जोन 1 कस्तूरबा नगर गली नं. 8, मनीश नगर, मोहन नगर टॉवर वाली रोड, मोहन नगर 27 ब्लॉक, टेलीफोन नगर, भगत सिंह नगर, रंजीत नगर, सुंदरवन कॉलोनी आदि शामिल रहेंगे,**

**जोन २ कस्तूरबा नगर गली नं. 1 से 7, कस्तूरबा नगर मुख्य मार्ग, राम मंदिर से सज्जन मिल गेट तक की कस्तूरबा नगर तरफ वाली पट्टी, एमबी नगर, सेंट्रल प्लाजा, पदम श्री वाली रोड, सज्जन मिल चाल, कल्पतरू कॉलोनी, शक्ति नगर, प्रियदर्शनी नगर, आदर्श नगर, राजू नगर, बसंत विहार, सज्जन मिल गेट के अंदर जल वितरण होगा।**

## दिव्यांगजन युडीआईडी प्रमाण पत्र हेतु दस्तावेज जमा करावें




रतलाम 31 दिसम्बर । समस्त श्रेणी के दिव्यांगजन यु. डी.आई.डी. प्रमाण–पत्र बनवाने हेतु नगर निगम विकास शाखा स्थित पेंशन शाखा में आवश्यक दस्तावेज पासपोर्ट साईज फोटो, राशन कार्ड, मतदाता परिचय पत्र, आधार कार्ड, समग्र आई.डी., नि:शक्त प्रमाण–पत्र, मोबाईल नम्बर तत्काल

E-News Letter


# रतलाम
नगर पालिका निगम

## सफाई संबंधी शिकायत दर्ज कराने हेतु नागरिक स्वच्छता एप का उपयोग करें



रतलाम 23 दिसम्बर। रतलाम नगर को स्वच्छता के क्षेत्र में नम्बर 1 बनाने हेतु कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम श्री गोपालचन्द्र डाड, निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार स्वच्छ भारत मिशन के तहत सफाई संबंधी शिकायत दर्ज कराने के लिये भारत सरकार द्वारा तैयार किये गये स्वच्छता एप की जानकारी निगमकर्मियों व नगर निगम की सहयोगी संस्था आस्था के सदस्यों ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में नागरिकों को दी।

स्वच्छ भारत मिशन के तहत किये जा रहे स्वच्छता सर्वेक्शण–2021 में रतलाम नगर को स्वच्छता के क्षेत्र में नम्बर 1 बनाने के लिये रतलाम नगर के नागरिक सफाई संबंधी शिकायत स्वच्छता एप दर्ज कराने के लिये अपने एन्ड्रोयड मोबाईल पर गूगल प्ले स्टोर में जाकर स्वच्छता एप टाईप करें, उसके पश्चात एप को इन्सटाल करें। इन्सटाल करने के बाद एप्लीकेशन ओपन करके अपना मोबाईल नम्बर रजिस्टर्ड करें। इसके बाद अपना जीपीएस ऑन करें इसके बाद आपकी सफाई संबंधी शिकायत का फोटो लेकर अपलोड करें। अपलोड की गई शिकायत नगर निगम के पास आयेगी ओर उसका तत्काल निराकरण किया जायेगा।




## जिनतरण जयंती पर पशु वध करना, मटन विक्रय प्रतिबंधित रहा

मध्यप्रदेश शासन के आदेशानुसार आज **21** दिसम्बर सोमवार को संतश्री जिनतरण तारण जयंती पर नगर सीमा में स्थित समस्त पशु वध गृह एवं मांस विक्रय की दुकानों पर पशु वध करना, मटन, गौशत विक्रय करना अथवा बेचना निषेध किया गया है।

E-News Letter

# रतलाम
## नगर पालिका निगम

## निगम आयुक्त श्री झारिया ने ली टी.एल. बैठक

**रतलाम 08 दिसम्बर । नगर निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने निगम के विभाग प्रमुखों की साप्ताहिक टी.एल. बैठक लेकर कार्यो की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये।**



आयोजित बैठक में निगम आयुक्त श्री झारिया ने टी.एल. शिकायतों की समीखा कर शिकायतों का निराकरण समय–सीमा में किये जाने के निर्देश संबंधितों को दिये साथ ही उन्होने निर्देशित किया कि किसी भी विभाग में नस्तीयों के संबंध में कोई पेंडेंसी नही होना चाहिये। इसके अलावा समाधान ऑनलाईन की लंबित शिकायतों का निराकरण 3 दिवस में किये जाने के निर्देश दिये।

सी0एम0 हेल्य लाईन में दर्ज सभी लेवल की शिकायतों का शीघ्र निराकरण करवाया जाये साथ ही यह भी निर्देश दिये कि शिकायतों का निराकरण एल–1 स्तर पर ही किया जाये ताकि शिकायत उच्च स्तर पर दर्ज ना हो सकें। इसके अलावा 100 दिवस से अधिक लंबित व ग्रेडिंग की शिकायतों का 3 दिवस में निराकरण किया जाये। इसके अलावा विभिन्न आयोग, पी.एम., सी.एम. कार्यालय से प्राप्त शिकायतों का समय पर निराकरण करवाये जाने हेतु निगम आयुक्त श्री झारिया ने संबंधित को निर्देशित किया।

**08 दिसम्बर 15 दिसम्बर 22 दिसम्बर**

आयोजित बैठक में उपायुक्त श्री विकास सोलंकी, श्री भविष्य कुमार खोब्रागड़े, सहायक आयुक्त श्रीमती ज्योति सुनारिया, प्र0 कार्यपालन यंत्री श्री सुरेशचन्द्र व्यास, श्री जी.के. जायसवाल, प्रभारी कर्मशाला व प्रकाश विभाग श्री एम0के0 जैन, उपयंत्री श्री अनवर कुरेशी, श्री सुहास पंडित, प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी श्री ए.पी. सिंह, प्रभारी उद्यान विभाग श्री अरविन्द दशोत्तर, निगम सचिव श्री जसवंत जोशी, प्रभारी कार्यालय अधीक्श क श्री रामचन्द्र शर्मा, श्री बी.एल. चावरे, स्टेनोग्राफर श्री प्रमोद तिवारी, सिटी मैनेजर श्री कपिल मारोठिया, श्री नितिन तिवारी आदि उपस्थित थे।

CM HELPLINE 181 जन हेतु-जन सेतु

बैठक में निगम आयुक्त श्री झारिया ने निर्देशित किया स्वच्छ सर्वेक्शण 2021 हेतु सभी अधिकारी एवं कर्मचारी कार्य योजना अनुसार सौंपे गये दायित्वों कार्य पुरी निष्ठा एवं लगन के साथ करें साथ ही रतलाम नगर को साफ–स्वच्छ बनाने हेतु नागरिकों को भी जागरूक करें।

E-News Letter

# रतलाम
नगर पालिका निगम

## मेरा योगदान, मेरी शान, स्वच्छ शहर मेरी पहचान

# रांगोली से दिया स्वच्छता का संदेश,




शहर को स्वच्छता की दौड़ में **नम्बर-1** बनाने के प्रयासों के चलते इन दिनों कालिका माता परिसर स्थित झाली तालाब और हनुमान ताल पर विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत पिछले दिनों नगर निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने इन स्थानों का निरीक्षण कर स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए है। विभिन्न स्थानों पर रांगोली निर्माण और दीपदान के माध्यम से संदेश दिया गया है कि तालाब और सार्वजनिक स्थानों पर सैर करने या सेहत बनाने वाले आए मगर अपने साथ लाया कचरा पूजन सामग्री आदि यहां न फेंके। इस दौरान कई साथ में कचरा लेकर आए कई लोगों को वापस लौटाया भी गया है। जिंदगी जीने के लिए जिस तरह वायु, जल, रोटी, कपड़ा, मकान जरूरी हैं, वैसे ही स्वच्छता भी उतनी ही जरुरी है। गंदगी से मलेरिया, डेगूं,डायरिया पीलिया जैसी असंख्य जानलेवा और संक्रामक बीमारियां पनपती हैं, और सिर्फ स्वच्छता के माध्यम से ही इन सभी खतरनाक बीमारियों से खुद को दूर रखा जा सकता है। स्वच्छता, वह अच्छी आदत है जो मनुष्य को न सिर्फ शारीरिक रुप से स्वस्थ रखती है, बल्कि मानसिक, सामाजिक और बौद्धिक रुप से भी स्वस्थ रखती है। गंदे परिवेश में मक्खी, मच्छर, कॉकरोच, चूहे, सांप, बिच्छू समेत तमाम तरह के कीड़े–मकौड़े और कीटाणुओं पनपते हैं , जिससे तमाम तरह की बीमारियां जन्म लेती हैं। इसलिए साफ–सफाई रखना बेहद जरूरी है, ताकि बीमारियों से दूर रह सकें और स्वस्थ जीवन जी सकें।




नगर निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देश व स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह ने शहरवासियों से अपील की है कि वे अपने कूड़ा केवल डोर टू डोर कूड़ा ढोने वाले वाहनों में ही डाले। खुले में कचरा डालने वालों पर नगर निगम द्वारा जुर्माने की कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ के निर्देशानुसार अब शहर के सार्वजनिक स्थलों पर लोगों से शहर को साफ और सुंदर बनाए रखने की अपील की जा रही है। इस दौरान बुधवार को सफाई मित्र समूह की रीना मालवीय, फातेमा शेख, नाजनीन, नसीम और जया शर्मा सहित इनकी टीम ने कचरा मुक्त स्थानों के साथ ही सार्वजनिक स्थलों पर पर रांगोली बना कर इन क्षेत्रों के रहवासियों को स्वच्छता की शपथ दिला कर दीप दान किया गया है।

# कोरोना काल में लोगों से सावधान रहने की भी की अपील



इस दौरान कोविड–19 महामारी के बढ़ते प्रकोप के देखते हुए लोगों से आव्हान किया गया कि जब तक कोरोना का कारगर उपचार उपलब्ध नही हो पाता है. ऐसे में हमे मास्क का उपयोग, दो गज की दूरी और हाथों को सेनेटाईज कर अपने जीवन को बचाना चाहिए।



पिछले डेढ़ सालों से देशभक्ति और जनसेवा का जज्बा लिए पुलिस भर्ती परीक्षा की तैयारियों में जुटी शहर की सौ से अधिक बालिकाओं ने आज नगर निगम प्रशासन के स्वच्छता अभियान में जमकर भागीदारी करते हुए संकल्प लिया है कि वे स्वच्छता के मामले में रतलाम शहर को नम्बर–1 में पूरा सहयोग करते हुए ना तो खुद कचरा करेंगे और ना ही किसी दूसरे को कचरा करने देंगे। शहर में लोगों ने अपनी जरुरत के मान से सैकड़ों स्थानों को अस्थायी कचरा घरों के रुप में परिवर्तित कर रखा है। इन्ही कचरा स्थलों को समूल नष्ट कर तमाम क्षेत्रों के वातावरण को स्वच्छ करने के लिए नगर निगम प्रशासन ने कचरा मुक्त स्थलों पर रांगोली के माध्यम से स्वच्छता का संदेश देने के प्रयास शुरु किए है

स्वच्छ शहर सुंदर शहर की कल्पना को साकार करने के लिए शुरु किए गए अभियान में जाति , धर्म , सम्प्रदाय आदि समस्त विभेदों से ऊपर उठ कर प्रत्येक जन और समाज के हर वर्ग का योगदान होना चाहिए संत महात्माओं को समाज में स्वच्छता के प्रति संवेदनशीलता की अलख जगानी चाहिए राजनीतिक दलों को परस्पर स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के द्वारा जन जन को इस हेतु प्रशिक्षित करना चाहिए यह राष्ट्र सबका है , यह राष्ट्र सबके लिए है , अतः इसका स्वच्छ स्वरुप सबके द्वारा ही निखरेगा। शहर के स्वच्छ और सुंदर होने से पूरे रतलाम का नाम प्रदेश और देश में होगा। उत्तम स्वास्थ्य सबसे बड़ा धन है और स्वच्छता स्वस्थ्य रहने का मूलमंत्र है। हम सबकों मिलकर इस नारे को अमलीजामा पहनाना है।







स्वच्छता कोई काम नहीं है, जो पैसे कमाने के लिये किया जाए बल्कि, ये एक अच्छी आदत है जिसे हमें अच्छे स्वास्थ्य और स्वस्थ जीवन के लिये अपनाना चाहिये। स्वच्छता पुण्य का काम है जिसे जीवन का स्तर बढ़ाने के लिये, एक बडी जिम्मेदारी के रुप में हर व्यक्ति को इसका अनुकरण करना चाहिये। हमें अपनी व्यक्तिगत स्वच्छता, पालतू जानवरों की स्वच्छता, पर्यावरण की स्वच्छता, अपने आस–पास की स्वच्छता, और कार्यस्थल की स्वच्छता आदि करनी चाहिये। हमें पेड़ों को नहीं काटना चाहिये और पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिये पेड़ लगाना चाहिये। स्वच्छता का संदेश दिया जा रहा है।

E-News Letter
रतलाम
नगर पालिका निगम

# संपत्तिकर विभाग की निगम आयुक्त श्री झारिया ने ली समीक्षा बैठक

रतलाम 02 दिसम्बर । नगर निगम के संपत्तिकर विभाग के कार्यो में ओर अधिक गति लाये जाने के उद्देश्य से निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों की बैठक लेकर विभागीय कार्यो की समीक्षा की। आयोजित बैठक में निगम आयुक्त श्री झारिया ने आयोजित बैठक में निर्देश दिये कि नामांतरण की विज्ञप्ति दो प्रमुख समाचार-पत्रों में प्रकाशित करवाई जाये तथा विज्ञप्ति प्रकाशन में होने वाले खर्चे का युक्ती युक्त करण किया जाकर राशि निर्धारित की जायेगी इस हेतु खर्चे संबंधी प्रस्ताव प्रस्तुत करें।




इसके अलावा निगम आयुक्त श्री झारिया ने बैठक में निर्देषित किया कि स्वच्छ भारत मिश न में नियुक्त अधिकारी व कर्मचारी प्रतिदिन अपने–अपने क्षेत्रों का भ्रमण कर सार्वजनिक स्थानों पर अव्यवस्थित रूप से रखी गई निर्माण सामग्री को जब्त कर संबंधित के विरूद्ध जुर्माने की कार्यवाही करें साथ ही नगर के सुलभ व सार्वजनिक षौचालय, मूत्रालयों में आवष्यक मरम्मत, रंगाई–पुताई, पेयजल सप्लाय, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था करवाये जाने के निर्देश संबंधितों को दिये।

बैठक में निगम आयुक्त श्री झारिया ने यह भी निर्देश दिये कि नगर के नाले की पुलियाओं पर जाली लगवाई जाये ताकि कोई भी उसमें कचरा ना डाल सकें साथ ही सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छता का संदेश देने वाली वॉल पेंटिग करवाई जाये।





स्वच्छ सर्वेक्शण 2021 हेतु प्रतिदिन किये जा रहे कार्य व गतिविधियों की जानकारी व्हाट्स ऐप ग्रप मे अपलोड करने के निर्देश के साथ ही खुले में षौच व पेषाब करने वाले व्यक्तियों विषेशकर बहारी क्षेत्रों, औद्योगिक क्षेत्र रेलवे लाईन पर निगरानी रखी जाकर संबंधितों के विरूद्ध पुलिस कार्यवाही किये जाने के निर्देश संबंधितों को निगम आयुक्त श्री झारिया ने बैठक में दिये।

सुलभ षौचालयों में वेंडिग मशीन, इन्सीरेटर मशीन, हेण्ड ड्रायर व फीड बैक मशीन चालू हालत`में रखे जाने व प्रत्येक वार्ड में माडल क्षेत्र बनाने हेतु ऐसे स्थल जहां पर नालियां ढंकी हो, डिवाईडर लगे हो, फुटपाथ पर ग्रील लगी हो को चिन्हित कर जानकारी प्रस्तुत किये जाने के निर्देश दिये।



E-News Letter

# रतलाम
## नगर पालिका निगम

# निगम आयुक्त श्री झारिया द्वारा कालिका माता व अमृत सागर उद्यान का निरीक्शण श हर के विभिन्न क्षेत्रों की सफाई व्यवस्था का भी किया निरीक्शण






रतलाम 02 दिसम्बर । स्वच्छ भारत मिशन के तहत उद्यानों की साफ–सफाई के तहत आयुक्त नगरीय प्रशासन विभाग भोपाल द्वारा विडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से लिये जा रहे फीडबेक के तहत निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने कालिका माता उद्यान व अमृत सागर उद्यान की सफाई व अन्य किये जा रहे कार्यो का अवलोकन कर आवश्यक दिशा–निर्देश संबंधितों को दिये।



निगम आयुक्त श्री झारिया ने कालिका माता उद्यान के निरीक्शण के दौरान निर्देश दिये कि उद्यान में पानी का छिड़काव नागरिकों के आने से पहले ही कर दिया जाये साथ ही उद्यान में ओपन जिम हेतु स्थापित किये गये उपकरणों में जो खराब हो उसे बदलने के भी निर्देश संबंधित को दिये।इसके अलावा उद्यान में नागरिकों के घूमने हेतु लगाये जाने वाले एक्यूप्रेशर इन्टर लॉकिंग सीमेन्ट ब्लॉक की पूर्व नक्शे अनुसार लगाये जाने के निर्देश निगम आयुक्त श्री झारिया ने संबंधितों को दिये।



झाली तालाब सहित शहर के अन्य तालाबों का पानी स्वच्छ रहे इस हेतु एग्रीकल्चर व बॉयोलाजी के प्रोफेसर व छात्रों से संपर्क कर कार्य योजना तैयार करने के निर्देश निगम आयुक्त श्री झारिया ने निरीक्श ण के दौरान दिये।



अमृत सागर उद्यान के निरीक्श ण के दौरान निगम आयुक्त श्री झारिया ने निर्देशित किया कि उद्यान के गोल चबुतरे पर एक्यूप्रेशर इन्टरलॉकिंग सीमेन्ट बलॉक लगाये जाये साथ ही घांस कटाई मशीन की आवश्यकतानुसार डिमान्ड प्रस्तुत की जाये।



माणक चौक क्षेत्र के निरीक्श ण के दौरान निगम आयुक्त श्री झारिया ने दुकानदारों को अपनी दुकानों में अनिवार्य रूप से डस्टबीन रखने की समझाईश तथा दुकानदारों की मांग अनुसार कचरा संग्रहण वाहन सांयकाल भेजे जाने हेतु संबंधित को निर्देशित किया ताकि दिनभर का कचरा दुकानदार निगम के कचरा संग्रहण वाहन में डाल सकें



निरीक्श ण के दौरान निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के साथ कार्यपालन यंत्री श्री जी.के. जायसवाल, प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी श्री ए.पी. सिंह, उपयंत्री सर्वश्री राजेन्द्र मिश्रा, राजेश पाटीदार, श्री विकास सिंह मरकाम, झोन प्रभारी श्री पर्वत हाड़े, श्री किरण चौहान आदि साथ थे।

इसके अलावा निगम आयुक्त श्री झारिया ने शहर के अन्य क्षेत्रों की सफाई व्यवस्था का निरीक्श ण किये जाने के साथ ही त्रिपोलिया गेट से चांदनी चौक व तोपखाना, हरदेवलाला की पीपली से शहर सराय तक सड़क के दोनो ओर अतिक्रमण ना हो इस हेतु बिल्डिंग लाईन से 6 फीट की दूरी पर डाली जा रही चूने की लाईन का निरीक्श ण किया।

E-News Letter

# रतलाम
नगर पालिका निगम

## निजी बैंको से पी.एम. स्वनिधी के ऋण दिलाने हेतु बैठक संपन्न




रतलाम 21 दिसम्बर । पी.एम. स्वनिधी योजना के तहत नगरीय क्षेत्र रतलाम के ऐसे हितग्राही जिन्होने ऋण हेतु आवेदन किया है उन्हे निजी बैंको से ऋण दिलाये जाने हेतु निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने निजी बैंको के ब्रांच मैनेजरो के साथ बैठक ली।

पी.एम. स्वनिधी योजना के ऋण निजी बैंक एचडीएफसी, इंडसंड व एक्सीस बैंक से दिलाये जाने हेतु ब्रांच मैनेजरों को अवगत कराया गया कि वे ऋण प्रकरणों को पिक करे तथा पिक करने के ऋण स्वीकृत कर हितग्राही को ऋण वितरण कार्य संपादित करें। आयोजित बैठक में निजी बैंको के ब्रांच मैनेजर सहित निगम अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## आईटीआई की पीछे वाली सड़क का शीघ्र होगा निर्माण प्रारंभ



रतलाम 01 दिसम्बर । औद्योगिक प्रशिक्श ण संस्थान के पीछे वाली स्वीकृत सड़क के शीघ्र निर्माण कराये जाने हेतु विधायक रतलाम शहर माननीय श्री चेतन्य जी काश्यप के निर्देशानुसार निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने स्थल का निरीक्शण किया।

निरीक्श ण के दौरान निगम आयुक्त श्री झारिया ने उक्त सड़क का शीघ्र निर्माण कार्य प्रारंभ करवाये जाने के निर्देश दिये साथ ही निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण हो इसकी भी निगरानी रखे जाने के निर्देश संबंधित को दिये।

**इस अवसर पर कार्यपालन यंत्री श्री जी.के. जायसवाल, मंडल अध्यक्श श्री मयूर पुरोहित आदि उपस्थित थे।**

इसके अलावा सड़क की पुलिया का चौड़ीकरण, अलकापुरी चामुण्डा माता मंदिर से न्यू गांधी कानवेंट स्कूल तक की सड़क निर्माण का एस्टीमेंट बनाये जाने के निर्देश संबंधित को दिये।



# कचरा पृथक्कीकरण हेतु नागरिक एवं दुकानदरों को रखना होंगे 4 डस्टबीन

नगरीय क्षेत्र रतलाम के दुकानदार एवं नागरिक जो कि अपनी दुकानों एवं घरों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2016 के तहत कचरा पृथक्कीकरण हेतु 4 डस्टबीन नहीं रख रहे है व दुकानों के सामने गंदगी व अतिक्रमण कर रहे उन पर निगम के स्वास्थ्य अमले द्वारा जुर्माने की कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है।








नगरीय क्षेत्र रतलाम के दुकानदार अपनी दुकानों में गीले कचरे अर्थात कीचन में बनी हुई खाद्य सामग्री, फल–सब्जी के छिलके, घांस व पेड़ की पत्तियां, राख, चाय पत्ती, बचा हुआ खाना आदि के लिये **हरा डस्टबीन**,

सूखा कचरा अर्थात पुस्टा, अखबार, लोहा, कपड़ा, शाल, कांच, पैकिंग मटेरियल, टुटे खिलौने, प्लास्टिक आदि के लिये **नीला डस्टबीन,**

घरेलू हानिकार कचरे के लिये पेन्ट के डिब्बे,पेस्टीसाइड के डिब्बे, सीएफएल, ट्यूबलाईट, थर्मामीटर, बैटरी आदि के लिये **काला डस्टबीन**

मेडिकल वेस्ट अर्थात् सेनेटरी नेपकीन, डायपर, सुई, सिंरिज, मास्क, ग्लब्स, पीपीई कीट आदि के लिये **पीला डस्टबीन**

रखकर अपने घरों एवं दुकानों तथा प्रतिश्ठानों में ही कचरे का पृथक्कीकरण कर निगम के कचरा संग्रहण वाहन के पृथक–पृथक भागों में डालकर कचरा पृथक्कीकरण कार्य में अपना सहयोग प्रदान करें। जो नागरिक या दुकानदार उक्तानुसार कचरे का पृथक्कीकरण नहीं करेगा व खुले में कचरा डालने वालो उन पर जुर्माने की कार्यवाही की जावेगी।

नागरिक एवं दुकानदार खुले में कचरा डालेंगे तो उन पर भी नगर निगम अमले द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जायेगी। नगर के विभिन्न स्थानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से खुले में कचरा डालने व गंदगी करने वालों पर कन्ट्रोल रूम पर निगरानी रखी जा रही है। नगर निगम की टीम संबंधित के घर एवं दुकानों पर जाकर 5000–5000 हजार का जुर्माना करेगी।

E-News Letter
# रतलाम
नगर पालिका निगम

## होमगार्ड कालोनी में बनेगा नवीन सांस्कृतिक भवन

रतलाम 13 दिसम्बर। पुराने समय में गरीब एवं मध्यम वर्ग के परिवारों सांस्कृतिक एवं धार्मिक कार्यक्रम आयोजन हेतु धर्मशालाऐं हुआ करती थी किन्तु वर्तमान समय में धर्मशालाओं का अभाव होने सांस्कृतिक भवनों का निर्माण कराया जा रहा है जिससे नागरिकों को सुविधा हो। उक्त उद्गार विधायक रतालम शहर माननीय श्री चेतन्य जी काश्यप ने होमगार्ड कालोनी में पुराने सम्वेल की भूमि पर विधायक निधी से निर्मित किये जाने वाले सांस्कृति भवन के भूमि पूजन के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किये। उन्होने कहा कि जैसे–जैसे नगर का विस्तार होता है वैसे–वैसे नगर में विकास कार्य कराये जाने की संभावनाऐं बढ़ती जाती है। वर्तमान समय में गरीब एवं मध्यम वर्ग के छोटे–मोटे सांस्कृतिक एवं धार्मिक कार्यक्रम आयोजित करने में काफी परेशानी उठाना पड़ती है उनकी परेशानियों निदान हेतु सांस्कृतिक भवनों का निर्माण करवाया जा रहा है ताकि वे सुविधा पूर्वक अपने कार्यक्रम आयोजित कर सकें।

उन्होने कहा कि होमगार्ड कालोनी के सांस्कृतिक भवन हेतु 1 बड़ा हॉल, 2 कमरे निर्माण काराये जाने की कार्ययोजना थी किन्तु नागरिकों को सर्वसुविधा युक्त सांस्कृतिक भवन मिले इस हेतु भोजन निर्माण हेतु एक शेड का भी निर्माण कराया जायेगा।

## डोसी गांव में विधायक निधि से बनेगा नवीन सांस्कृतिक भवन, विधायक मा० श्री काश्यप ने किया कार्य का भूमि पूजन



रतलाम 14 दिसम्बर। डोसी गांव जो कि रतलाम नगर के वार्ड में शामिल है किन्तु शहर से कुछ दूरी पर होने से यह क्षेत्र कुछ वर्श पहले तक विकास से उपेक्षित था,अब यहां निरंतर विकास हो रहा है इसी कढ़ी में अब यहां नवीन सांस्कृतिक भवन बन रहा है।

उक्त उद्गार विधायक रतालम शहर माननीय श्री चेतन्य जी काश्यप ने डोसी गांव में पेयजल टंकी के पास की भूमि पर विधायक निधी से निर्मित किये जाने वाले सांस्कृतिक भवन के भूमि पूजन के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किये। उन्होने कहा कि कि नगर विकास हेतु जो भी योजनाऐं बनती नगर के मध्य क्षेत्र को लेकर बनती है किन्तु नगर का विस्तार बाहरी क्षेत्रों से होता है।

E-News Letter

# रतलाम
## नगर पालिका निगम

# गीले एवं सूखे कचरे को अलग करें




निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया द्वारा दिये गये निर्देशानुसार नगर क समस्त घरों, दुकानों आदि से 100 प्रतिशत गीला एवं सूखा कचरा पृथक–पृथक संग्रहित किये जाने हेतु नगर निगम की सहयोगी संस्था टीम आस्था के सदस्यों द्वारा नगर के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर नागरिकों को स्वच्छता बनाये रखने गीला व सूखा कचरा पृथक–पृथक रखने की समझाईश दी जा रही है। नगर निगम की सहयोगीाी संस्था टीम डिवाईन के सदस्यों द्वारा वार्ड क्रमांक 28 दिलीप नगर व नगर के विभिन्न क्षेत्रों में नागरिकों को गीले एवं सूखे कचरे के पृथक्कीकरण हेतु घरों एवं दुकानों में पृथक–पृथक कचरा पात्र रखकर पृथक–पृथक कचरा एकत्रिकरण व गीले एवं सूखे कचरे को निगम के कचरा संग्रहण वाहन के पृथक–पृथक भागों में डालने की समझाईश दी इसके अलावा स्वच्छता की शपथ भी दिलाई।

## शौच के लिये शौचालय के उपयोग की दी समझाईश

टीम आस्था के सदस्यो द्वारा नगर के खुले क्षेत्रों में जाकर नागरिकों को शौच हेतु शौचालय के उपयोग की जानकारी दी साथ ही सुलभ शौचालयों वेंडिग मशीन, फीड बैक मशीन, इन्सीवेटर, हैण्ड ड्रायर मशीन व सेनेटरी नेपकीन मशीन के उपयोग के बारे में जानकारी दी।

## खुले में शौच करने पर 2 व्यक्तियों पर की वैधानिक कार्यवाही नगर निगम ने थाना प्रभारी को दिया पत्र

# नवीन हाईड्रोलिक केटल कैचर से
# मवेशियों को पकड़कर गौशालाओं में भेजा


नगर निगम एक्ट की धारा 358 के तहत कोई भी व्यक्ति जो कि अपना घोड़ा या अन्य किसी भी पशु को अपनी इच्छा से खुला छोडेगा व उससे किसी व्यक्ति या संपत्ति को नुकसान पंहूचता है तो पालक पर 500 रूपये का अर्थदण्ड किये जाने का प्रावधान हैं। निगम एक्ट के तहत अब स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशी पालकों के घर जाकर निगम दस्ता अर्थदण्ड राशि रूपये 500/– वसूल करेगा




शहर के सार्वजनिक स्थानों, सड़को चौराहो को मवेशी मुक्त बनाये जाने हेतु नगर निगम द्वारा शहर के मवेशी पालकों के बाड़े एवं तबेलो को अभियान चलाकर तोड़ा जायेगा इस हेतु निगम द्वारा नगर के सभी मवेशी पालकों को नोटिस जारी किया गया है। शहरी क्षेत्र में मवेशियों का पालन करना नियम विपरित है, ऐसे मवेशी पालक जो कि शहरी क्षेत्र में अनुमति के विपरित तबेले एवं बाड़ो का निर्माण कर मवेशियों का पालन किया जा रहा है वे स्वंय अपने तबेले एवं बाड़े नहीं तोड़ते है तो निगम द्वारा उन्हे तोड़ा जाकर राशि वसूल की जायेगी।




## मवेशियों को पकड़ने की संख्या




मवेशियों को पकड़ने की दिनांक

E-News Letter
रतलाम
नगर पालिका निगम

# नागरिकों ने संपत्तिकर व जलकर जमा कराया




रतलाम 01 दिसम्बर । शासन निर्देशानुसार नोवेल कोरोना वायरस (कोविड–19) वैष्विक महामारी से उत्पन्न परिस्थितियों के कारण प्रायः रोजगार में कमी, उद्योग–धन्धे में गिरावट, सर्विस सेक्टर आदि में शिथिलता परिलक्षित होने के फलस्वरूप निगम से संबंधित करों, उपभोक्ता प्रभार आदि की बकाया राशि एक मुश्त जमा कराने पर अधिभार (पेनल्टी) में 31 दिसम्बर 2020 तक छूट दी जा रही है। इस हेतु नगर निगम द्वारा नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए निगम से संबंधीत करों की बकाया राशि जमा कराने हेतु वार्ड वार बकाया वसूली शिविर 26 अक्टूबर से आयोजित किये गये है जो 30 दिसम्बर तक चलेंगे।

## बकाया राशि जमा कर अधिभार (पेनल्टी) में छूट प्राप्त करें

| |
|---|
| 1 दिसम्बर नागरिकों ने 27,97,527/– संपत्तिकर व 6,49,990/– जलकर |
| 2 दिसम्बर नागरिकों ने 28,72,527/– संपत्तिकर व 6,66,490/– जलकर |
| 3 दिसम्बर नागरिकों ने 30,58,527/– संपत्तिकर व 6,95,490/– जलकर |
| 4 दिसम्बर नागरिकों ने 30,58,527/– संपत्तिकर व 7,22,490/– जलकर |
| 5 दिसम्बर नागरिकों ने 33,16,527/– संपत्तिकर व 7,85,800/– जलकर |
| 6 दिसम्बर नागरिकों ने 33,16,527/– संपत्तिकर व 7,85,800/– जलकर |
| 7 दिसम्बर नागरिकों ने 33,50,527/– संपत्तिकर व 8,54,245/– जलकर |
| 1 दिसम्बर नागरिकों ने 27,97,527/– संपत्तिकर व 6,49,990/– जलकर |
| 9 दिसम्बर नागरिकों ने 36,50,160/– संपत्तिकर व 9,69,145/– जलकर |
| 10 दिसम्बर नागरिकों ने 37,05,253/– संपत्तिकर व 10,13,125/– जलकर |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 11 | दिसम्बर | नागरिकों | ने | 37,05,253/– | संपत्तिकर | व | 10,13,125/– | जलकर |
| 12 | दिसम्बर | नागरिकों | ने | 37,05,253/– | संपत्तिकर | व | 10,13,125/– | जलकर |
| 13 | दिसम्बर | नागरिकों | ने | 37,05,253/– | संपत्तिकर | व | 10,13,125/– | जलकर |
| 14 | दिसम्बर | नागरिकों | ने | 37,05,253/– | संपत्तिकर | व | 10,83,275/– | जलकर |
| 15 | दिसम्बर | नागरिकों | ने | 38,70,373/– | संपत्तिकर | व | 11,51,875/– | जलकर |
| 16 | दिसम्बर | नागरिकों | ने | 42,96,745/– | संपत्तिकर | व | 12,15,205/– | जलकर |
| 17 | दिसम्बर | नागरिकों | ने | 44,67,854/– | संपत्तिकर | व | 13,41,485/– | जलकर |
| 18 | दिसम्बर | नागरिकों | ने | 46,22,854/– | संपत्तिकर | व | 14,65,775/– | जलकर |
| 19 | दिसम्बर | नागरिकों | ने | 46,22,854/– | संपत्तिकर | व | 14,65,775/– | जलकर |
| 20 | दिसम्बर | नागरिकों | ने | 46,22,854/– | संपत्तिकर | व | 14,65,775/– | जलकर |
| 21 | दिसम्बर | नागरिकों | ने | 47,38,854/– | संपत्तिकर | व | 16,02,220/– | जलकर |
| 22 | दिसम्बर | नागरिकों | ने | 48,87,854/– | संपत्तिकर | व | 16,97,450/– | जलकर |
| 23 | दिसम्बर | नागरिकों | ने | 50,93,854/– | संपत्तिकर | व | 18,28,420/– | जलकर |
| 24 | दिसम्बर | नागरिकों | ने | 52,90,854/– | संपत्तिकर | व | 19,24,750/– | जलकर |
| 25 | दिसम्बर | नागरिकों | ने | 52,90,854/– | संपत्तिकर | व | 19,24,750/– | जलकर |
| 26 | दिसम्बर | नागरिकों | ने | 53,69,854/– | संपत्तिकर | व | 20,35,790/– | जलकर |
| 27 | दिसम्बर | नागरिकों | ने | 53,69,854/– | संपत्तिकर | व | 20,35,790/– | जलकर |
| 28 | दिसम्बर | नागरिकों | ने | 55,36,854/– | संपत्तिकर | व | 22,48,660/– | जलकर |
| 29 | दिसम्बर | नागरिकों | ने | 56,77,854/– | संपत्तिकर | व | 24,50,900/– | जलकर |
| 30 | दिसम्बर | नागरिकों | ने | 58,67,854/– | संपत्तिकर | व | 27,31,050/– | जलकर |

E-News Letter
रतलाम
नगर पालिका निगम

# कर्तव्य स्थल से बिना सूचना थे अनुपस्थित

## सफाई संरक्षकों का वेतन काटा जाकर कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया

रतलाम 01 दिसम्बर । निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया द्वारा प्रातः महू रोड बस स्टैण्ड क्षेत्र का निरीक्षण करने पर पर्याप्त सफाई नहीं पाये जाने पर 3 सफाई संरक्षक क्रमशः शिवशंकर, लोकेश व विकास बिरजे का एक दिवस का वेतन काटे जाने के निर्देश प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी श्री ए.पी. सिंह को दिये। स्थाईकर्मी ओमप्रकाश बसोड़ को सेवा से बर्खास्त करने का सूचना पत्र जारी

रतलाम 02 दिसम्बर । निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया द्वारा नगर निगम लायसेंस शाखा में पदस्थ श्री ओमप्रकाश बसोड़ को आडिट द्वारा लायसेंस राशि विलम्ब से जमा कराने को अस्थाई प्रभक्षण की श्रेणी मे लेकर पत्र जारी किये जाने पर श्री बसोड़ को लायसेंस शाखा से हटाकर जलप्रदाय विभाग में पदस्थ कर उक्त कृत्य के लिये सेवा से बर्खास्त किये जाने हेतु कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। स्थाईकर्मी ओमप्रकाश बसोड़ को सेवा से बर्खास्त करने का सूचना पत्र जारी

रतलाम 03 दिसम्बर । श्री कालिका माता सांस्कृतिक मंच पर वार्ड दरोगा व सफाई संरक्षकों को ड्रेस वितरण कार्यक्रम में वार्ड क्रमांक 33 के वार्ड दरोगा राजेन्द्र पथरोड व वार्ड क्रमांक 28 के वार्ड दरोगा राजेन्द्र गोसर द्वारा उपस्थित नहीं होने पर निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार एक दिवस का वेतन काटा जाकर कारण बताओ सूचना–पत्र जारी किया गया।

रतलाम 04 दिसम्बर । निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया द्वारा प्रातः 07 बजे सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान वार्ड क्रमांक 38 व 36 में गंदगी पाये जाने व नालियां भरी पाये जाने पर 2 वार्ड प्रभारी व 02 सफाई संरक्षकों का 01 दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त किये जाने कारण बताओ सूचना–पत्र जारी किया गया।

रतलाम 12 दिसम्बर । निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार कचरा संग्रहण वाहन के 6 ड्रायवर जो कि 12 दिसम्बर को बिना सूचना के कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित थे उनका एक दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त किये जाने हेतु कारण बताओ सूचना–पत्र जारी किया गया।

रतलाम 15 दिसम्बर । निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार 15 दिसम्बर मंगलवार को कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित अमर–मोहन व अंसार–अकबर अली माली का वेतन काटे जाने व सेवा से बर्खास्त किये जाने के संबंध में कारण बताओ सूचना–पत्र जारी कर तीन दिवस में स्पष्टीकरण चाहा गया।

रतलाम 22 दिसम्बर । निगम आयुक्त श्री झारिया द्वारा सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान सिविक सेंटर शौचालय पर अशोक–छोटेलाल स्थाई कर्मी, बिरियाखेड़ी शौचालय पर शिव–भानुलाल, मनोज– प्रभुलाल गैंगकर्मी व धीरज–रमेश 30 दिवस सफाई संरक्षक द्वारा उपस्थित नहीं पाये जाने पर सेवा से बर्खास्त किये जाने का सूचना पत्र जारी किया गया।

रतलाम 23 दिसम्बर । सफाई संरक्षक शिवशंकर–अर्जून व लोकेश को बस स्टैण्ड पर सफाई नहीं पाये जाने व जेटिंग वाहन के ड्रायवर संजय–अर्जून तथा आनन्द द्वारा निर्धारित समय प्रातः 7 बजे वाहन ना निकालते हुए 8 बजे पश्चात वाहन निकाले जाने पर एक दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त किये जाने हेतु कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया।

E-News Letter

# रतलाम
## नगर पालिका निगम



## पाईप लाईन व वॉल्व लीकेज दुरस्त करने का कार्य प्रगति पर है

रतलाम 01 दिसम्बर । शहर की जलप्रदाय व्यवस्था को निरंतर बनाये रखने तथा जलप्रदाय व्यवस्था को ओर अधिक सुदृढ़ बनाये जाने हेतु निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार पाईप लाईन व वॉल्व लीकेज दुरस्त करने का कार्य जलप्रदाय विभाग द्वारा 23 अक्टूबर से प्रारंभ किया गया जिसके तहत 01 दिसम्बर तक 69 वॉल्व व 323 पाईप लाईन लीकेजों को दुरस्त किया जा चुका है। ''रतलाम जलशक्ति अभियान'' व्हाट्स एप ग्रुप में लीकेज की समस्या को अपलोड किया जा रहा है तथा अपलोड़ की गई लीकेज संबंधी समस्या का तत्काल निराकरण करवाया जा रहा है जिसके तहत 01 दिसम्बर मंगलवार को ऑफिसर कालोनी हनुमान मंदिर व जैन मंदिर के सामने, गुलमोहर कालोनी, पैलेस रोड, चांदनी चौक, सुभाश नगर, शक्ति नगर, आदर्श पटवारी कालोनी, डोंगरे नगर में 11 पाईप लाईन लीकेज व डॉ. निर्मल जैन के घर के सामने वॉल्व दुरस्त करवाया

## वॉल्व व पाईप लाईन लीकेजों को दुरस्त किया है

| | |
|---|---|
| 01 दिसम्बर तक 69 वॉल्व व 323 पाईप लाईन | 02 दिसम्बर तक 70 वॉल्व व 333 पाईप लाईन |
| 03 दिसम्बर तक 70 वॉल्व व 333 पाईप लाईन | 04 दिसम्बर तक 70 वॉल्व व 341 पाईप लाईन |
| 05 दिसम्बर तक 72 वॉल्व व 341 पाईप लाईन | 07 दिसम्बर तक 72 वॉल्व व 347 पाईप लाईन |
| 08 दिसम्बर तक 73 वॉल्व व 359 पाईप लाईन | 09 दिसम्बर तक 73 वॉल्व व 359 पाईप लाईन |
| 10 दिसम्बर तक 73 वॉल्व व 375 पाईप लाईन | 11 दिसम्बर तक 73 वॉल्व व 375 पाईप लाईन |
| 14 दिसम्बर तक 80 वॉल्व व 388 पाईप लाईन | 15 दिसम्बर तक 85 वॉल्व व 397 पाईप लाईन |
| 16 दिसम्बर तक 85 वॉल्व व 402 पाईप लाईन | 18 दिसम्बर तक 89 वॉल्व व 406 पाईप लाईन |
| 19 दिसम्बर तक 90 वॉल्व व 423 पाईप लाईन | 21 दिसम्बर तक 93 वॉल्व व 432 पाईप लाईन |
| 22 दिसम्बर तक 93 वॉल्व व 438 पाईप लाईन | 23 दिसम्बर बुधवार को शास्त्रीनगर, गायत्री टॉकिज |
| 24 दिसम्बर तक 102 वॉल्व व 447 पाईप लाईन | 25 दिसम्बर तक 102 वॉल्व व 447 पाईप लाईन |
| 26 दिसम्बर तक 103 वॉल्व व 466 पाईप लाईन | 28दिसम्बर तक107वॉल्व व 476 पाईप लाईन |
| 29 दिसम्बर तक 107 वॉल्व व 479 पाईप लाईन | 30 दिसम्बर तक 108 वॉल्व व 485 पाईप लाईन |
| 31 दिसम्बर तक 108 वॉल्व व 491 पाईप लाईन लीकेजों को दुरस्त किया जा चुका है। | |

E-News Letter

रतलाम
नगर पालिका निगम

## सब्जी विक्रेताओं के व्यवस्थापन व पार्किंग लॉट हेतु स्थलों का निरीक्शण



शहर के विभिन्न स्थानों पर फुटकर सब्जी विक्रेता जो कि सड़क किनारे सब्जी व फल का विक्रय करते हैं ऐसे में सब्जी विक्रेताओं द्वारा सड़क पर अतिक्रमण करने से यातायात तो प्रभावित तो होता ही साथ ही गंदगी भी होती है। ऐसे सब्जी विक्रेताओं के व्यवस्थापन व पार्किंग लॉट हेतु निगम आयुक्त श्री झारिया व अनुविभागीय दण्डाधिकारी रतलाम शहर श्री गेहलोत ने त्रिवेणी मुक्तिधाम के पास सी.सी. रोड, मानस भवन के पीछे रिक्त भूमि, 80 फीट रोड रत्नपुरी कालोनी के पीछे ग्रीन बेल्ट

## वार्ड 34 में 41 लाख के विकास कार्यो का भूमि पूजन संपन्न विकास कार्य प्रारंभ कराने पर विधायक मा० श्री कश्यप का माना आभार




रतलाम 20 दिसम्बर । वार्ड क्रमांक 34 की विभिन्न सड़को के डामरीकरण एवं सीमेन्टीकरण कार्य का षुभारंभ मंडल अध्यक्श श्री आदित्य डागा ने पूर्व पार्शद श्रीमती रेखा जौहरी व क्षेत्रिय नागरिकों के साथ विधिवत् पूजा–अर्चना कर किया।

इस अवसर पर पूर्व पार्शद श्रीमती रेखा जौहरी ने बताया कि एचडीएफसी बैंक से षीला भवन तक, मकड़ावन गली, रिद्धी–सिद्धी अपार्टमेन्ट वाला क्षेत्र, भूत बंगला क्षेत्र, राज बॉक्स वाली गली व बैंक कालोनी से लगी हुई सड़क का डामरीकरण 25 लाख की निगम निधि व डॉ0 पाटनी के घर से महू रोड तक की सड़क का सीमेन्टीकरण 16 लाख की लागत की निगम निधि से किया जायेगा। कार्य पुरा होने के बाद नागरिकों को आवागमन में सुविधा होगी। वार्ड में रूके हुए विकास कार्य प्रारंभ करवाये जाने पर श्रीमती रेखा जौहरी व क्षेत्रिय नागरिकों ने विधायक रतलाम श हर माननीय श्री चेतन्य जी काष्यप का आभार माना।

**भूमि पूजन के अवसर पर सर्वश्री अष्विन जायसवाल, राकेश परमार, यश पाल मंडोरा, सलीम आरिफ, योगेश पापटवाल, राजू व्यास, राहूल जसूजा, उमेश (नन्दी), मुबारिक बैरानी, विपिन पोरवाल, रवि जौहरी आदि उपस्थित थे।**

E-News Letter

# रतलाम

नगर पालिका निगम

## गंदगी फैलाने वालो पर जुर्माने की कार्यवाही







## सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जुर्माने



नगर में ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि अपनी दुकानों एवं घरो से निकलने वाले कचरे को कचरा संग्रहण वाहन में नहीं डालते हुए यहां–वहां डालकर नगर को गंदा करते है ऐसे दुकानदार एवं नागरिकों को लगाम लगाने हेतु निगम द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है साथ ही सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गंदगी फैलाने वाले नागरिक एवं दुकानदारों पर घर व दुकानों पर जाक गठित दल द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है।


E-News Letter

# रतलाम
नगर पालिका निगम

## डस्टबीन नहीं रखने व बर्तन गन्दे रखने पर दुकानदारों पर जुर्माना



रतलाम 25 दिसम्बर । निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार गंदगी व मलबा फैलाने पर बजाज खाना क्षेत्र में गिरिश गांधी पर 1000, नागेश्वर टेक्सटाईल्स, श्री टेक्सटाईल्स, अंशुल जैन पर 500–500, कारपेट हाउस पर 250 रूपये, चांदनी चौक क्षेत्र में गहना ज्वैलर्स पर 500, अग्रवाल कार्नर पर 250 रूपये का जुर्माना किया गया।



निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार गंदगी व मलबा फैलाने पर दिनेश, साक्षी राठौड़ दौलतगंज पर 500–500 तथा नगर के विभिन्न स्थानों पर फुटकर सब्जी व फल विक्रेताओं द्वारा गंदगी करने पर घनश्याम, ईस्माईल, नवीन, ताराचन्द पर 100–100, जग्गू भाई, लुणाराम, भेरूलाल, राधेश्याम, विनोद कुमार पर 50–50 रूपये का जुर्माना किया गया।

# गठित दल द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रो में की जुर्माने की कार्यवाही















